सामान्यतया मान्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुरूप वित्तीय विवरणियाँ तैयार करने के लिए यह अपेक्षित होता है कि प्रबंधन ऐसी बातें मान कर चले और ऐसे अनुमान लगाए जो वित्तीय विवरणों की तिथि पर बैंक द्वारा रिपोर्ट की गई आस्तियों और देयताओं की राशि तथा आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और रिपोर्टिंग की अवधि के दौरान परिचालनों के परिणामों की स्थिति को प्रभावित करते हैं. यद्यपि, ये अनुमान प्रबंधन तंत्र की सर्वोत्तम जानकारी पर आधारित हैं, तथापि वास्तविक निष्कर्ष इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं. इन भिन्नताओं का निर्धारण उस वर्ष में दर्शाया जाता है जब ये परिणाम प्राप्त होते हैं.

5. राजस्व निर्धारण:

5.1 नकदी के आधार पर लेखाबद्ध निम्नलिखित मदों को छोड़ कर, आय और व्यय को उपचय के आधार पर लेखाबद्ध किया जाता है:

i) भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार पहचानी गई अनर्जक आस्तियों पर ब्याज.

ii) ऋण देयों की प्राप्ति में विलंब या ऋण की शर्तों का अनुपालन न किए जाने करने पर प्रभारित दंडात्मक ब्याज के रूप में आय.

iii) विभिन्न निधियों से दिए गए ऋणों पर सेवा प्रभार.

iv) किसी एक व्यय शीर्ष के अंतर्गत प्रत्येक लेखा इकाई में ₹10,000 तक के व्यय.

v) ऋण प्रोसेसिंग के लिए ग्राहकों से लिया गया अपफ्रंट प्रोसेसिंग शुल्क.

5.2 जारी किए गए बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की डिस्काउंट राशि को बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की अवधि के लिए परिशोधित किया गया. बॉण्ड के निर्गम से संबंधित व्ययों को बॉण्ड के निर्गम वर्ष का व्यय माना गया है.

5.3 लाभांश प्राप्त होने का अधिकार स्थापित हो जाने पर निवेश पर लाभांश को लेखे में लिया गया है.

i) उद्यम पूंजी निधि से प्राप्त आय की गणना वसूली के आधार पर की गई है.

ii) जिस सब्सिडी के लिए नाबार्ड पास थ्रू एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है, उस सब्सिडी और उस पर सेवा शुल्क का लेखांकन संबंधित योजनाओं के अंतर्गत निधियों की उपलब्धता के अधीन अदायगी के आधार पर किया गया है.

5.4 अनर्जक आस्तियों की वसूली निम्नलिखित क्रम में विनियोजित की गई है:

i) दंडात्मक ब्याज

ii) लागत और प्रभार

iii) अतिदेय ब्याज और ब्याज

iv) मूलधन

5.5 संवितरित मीयादी ऋण से ब्याज और बैंकों से प्राप्त ब्याज को, बकाया राशि और लागू दर को ध्यान में रखते हुए अवधिगत अनुपात के आधार पर गणना में लिया गया है.

5.6 समझौता और समाधान/ निपटान के मामले में, वसूली को संबंधित समझौता/ समाधान निपटान की शर्तों के अनुसार विनियोजित किया गया है.

5.7 जिन खातों के लिए वाद दायर किए गए हैं/ डिक्री प्राप्त हुई है उनके संबंध में, वसूली को निम्नानुसार विनियोजित किया गया:

i) संबन्धित न्यायालय के निर्देशों के अनुसार.

ii) न्यायालय से विशिष्ट निर्देशों के न होने पर, उक्त बिन्दु 5.4 के अनुसार.

5.8 **नैबकॉन्स - सेवाओं से आय**

5.8.1 सौंपे गए कार्यों से आय: कंपनी के लिए सौंपे गए कार्यों से होने वाली आय, आय का मुख्य स्रोत है. सौंपे गए कार्य की समाप्ति पर कार्य

विशेष से संबंधित आय और तदनुरूपी व्यय को गणना में लिया गया है. सौंपे गए कार्य को निम्नलिखित स्थितियों में पूर्ण माना जाता है

- डीपीआर तैयार करने के मामले में, पार्टी को ड्राफ्ट रिपोर्ट जारी करने के बाद - शीघ्रातिशीघ्र.
- जिन कार्यों के निष्पादन की अवधि विस्तृत है, उनके मामलों में महत्वपूर्ण पड़ावों और कार्य पूर्ण कर सौंपे जाने, निष्पादन की स्थिति और पूर्णता की अवधि के आधार पर आय-निर्धारण किया गया है.
- यदि सौंपा गया कार्य एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए समयबद्ध संविदा के रूप में हो, तो ऐसे मामले में पूर्ण हो चुकी अवधि के अनुपात में आय निर्धारण किया गया है.

5.8.2 कंपनी की नीति के अनुसार जिन कार्यों को जारी रखे जाने की संभावना नहीं है उन्हें "जैसा है जहाँ है" आधार पर वहीं बंद कर दिया गया है और उनसे प्राप्त राशि को आय के रूप में माना गया है.

5.8.3 वर्तमान में चल रहे जिन कार्यों के लिए कंपनी की उपर्युक्त नीति के अनुसार आय बुकिंग के मानदंडों का पालन नहीं किया गया है, महत्वपूर्ण पड़ावों को प्राप्त नहीं किया गया है, उनके लिए प्रगामी आधार पर प्राप्त अग्रिम राशि को ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम के रूप में अलग से दर्शाया गया है और उसे चालू देयता के रूप में माना गया है. इस प्रकार के कार्यों पर हुए व्यय को चालू आस्तियों के रूप में दर्शाया गया है और कंपनी की नीति के अनुसार, इसे उस वर्ष के खर्च के रूप में दिखाया जाएगा जिसमें संबंधित आय को लेखाबद्ध किया गया है.

5.8.4 नैबकॉन्स को ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी), भारत सरकार द्वारा डीडीयू-जीकेवाई योजना के कार्यान्वयन के संबंध में केंद्रीय तकनीकी सहायता एजेंसी (सीटीएसए) के रूप में नियुक्त किया गया है. विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार, नैबकॉन्स आबंटित राज्यों के संबंध में कुल योजनागत लागत के 1.5% (जीएसटी सहित) की दर से अनुप्रवर्तन लागत को दो समान किस्तों - प्रत्येक 50% राशि की - में प्राप्त करने का हकदार है, जिसे प्रत्येक किश्त को जारी/मंजूर किए जाने के समय आय के रूप में लेखाबद्ध किया गया है.

उपर्युक्त के अतिरिक्त, नैबकॉन्स को कई राज्यों द्वारा भी तकनीकी सहायता एजेंसी (टीएसए) के रूप में नियुक्त किया गया है, जिससे प्राप्त आय का निर्धारण एसआरएलएम/एसएसडीएम के साथ निष्पादित समझौता ज्ञापन में निर्दिष्ट सहमत शर्तों के अनुसार किया गया.

इस प्रकार, नैबकॉन्स ने एमओआरडी/ एसआरएलएम से प्राप्य ऐसी आय का निर्धारण किया है, जो या तो स्वीकृत है अथवा देय है, लेकिन प्रशासनिक कारणों, धन की कमी आदि के कारण उसका भुगतान नहीं किया गया है.

इसके अलावा, नैबकॉन्स ने परियोजना मूल्यांकन एजेंसी का कार्य भी किया है. परियोजना मूल्यांकन से संबंधित आय का निर्धारण परियोजना कार्य के पूरा होने/ पीआईए से फीस की प्राप्ति के समय पर की गई है. ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्ययोजना की अवधि (वित्त वर्ष 2019-23) 31.03.2024 तक बढ़ा दी गई है.

6. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (अचल आस्तियाँ)

6.1 अचल आस्तियों को संचित मूल्यह्रास और क्षति के कारण होने वाली हानि, यदि कोई हो, को घटा कर, अधिग्रहण लागत पर दर्शाया गया है. आस्तियों की लागत में उनके अधिग्रहण और उन्हें स्थापित करने से संबंधित कर, शुल्क, भाड़े और अन्य प्रासंगिक व्यय शामिल हैं. विद्यमान आस्तियों पर बाद में किए गए व्यय को तभी पूंजीकृत किया गया है जब उससे, विद्यमान आस्तियों का भविष्यगत लाभ उनके पूर्व में आकलित कार्यनिष्पादन के स्तर से आगे बढ़ जाता है.

6.2 भूमि में पूर्ण स्वामित्व वाली और पट्टे पर ली गई भूमि शामिल है.

6.3 परिसर में भूमि का मूल्य शामिल है, जहाँ अलग-अलग मूल्य तत्काल उपलब्ध नहीं हैं.

6.4 पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि और पट्टेवाली भूमि पर स्थित परिसर पर मूल्यह्रास की नीति में वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान संशोधन किया गया है और मूल्यह्रास की गणना 30 वर्षों की अवधि के लिए सीधी रेखा पद्धति के आधार पर की गई है.

6.5 पट्टे पर ली गई भूमि पर अदा किए गए अपफ्रंट लीज प्रीमियम को लीज की अवधि में 5% की दर से प्रारंभिक अवलिखित मूल्य पर या लीज की शेष अवधि पर शेष लीज प्रीमियम की आनुपातिक राशि, जो भी अधिक हो, के अनुसार परिशोधित किया गया है.

6.6 ₹1 लाख और उससे कम लागत की प्रत्येक अचल आस्ति (आसानी से स्थानांतरणीय इलेक्ट्रानिक आस्ति, जैसे - लैपटाप, मोबाइल फोन आदि को छोड़कर) को उसके अधिग्रहण वर्ष में लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया गया है. आसानी से स्थानांतरणीय इलेक्ट्रानिक आस्तियों, जैसे - लैपटाप, मोबाइल फोन आदि को तभी पूंजीकृत किया गया है जब प्रत्येक मद की लागत ₹10,000 से अधिक है. ₹1 लाख और उससे कम लागत वाले और स्वतंत्र रूप से खरीदे गए प्रत्येक सॉफ्टवेयर को लाभ हानि खाते में लिया गया है.

6.7 धारक बैंक के मामलें में, अन्य अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास सीधी रेखा पद्धति के आधार पर, आस्तियों की प्रबंधन द्वारा सुनिश्चित की गई अनुमानित उपयोगिता अवधि पर निम्नलिखित दरों से प्रभारित किया गया है:

आस्तियों का प्रकार	मूल्यह्रास *की दर*
फर्नीचर और फिक्सचर्स	20%
कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर	33.33%
कार्यालय उपकरण	20%
वाहन	20%

6.8 आस्तियों के मूल्यह्रास की गणना उस माह से की जाती है जिस माह से वर्ष के दौरान खरीदी गई आस्ति को पूंजीकृत किया जाता है. यह गणना उस माह तक की अवधि के लिए की जाती है जब तक उस आस्ति की बिक्री नहीं हो जाती.

6.9 चल रहे पूंजीगत कार्य में पूंजी अग्रिम शामिल हैं और उन्हें अचल सम्पत्तियों के अंतर्गत दर्शाया गया है.

6.10 सहायक संस्थाओं के मामले में अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास की गणना निम्नानुसार की गई है:

सहायक संस्था का नाम	*मूल्यह्रास की प्रणाली*
नैबकिसान	अनुसूची II के अनुसार अवलिखित मूल्य
नैबसमृद्धि	अनुसूची II के अनुसार सीधी रेखा पद्धति
नैबफिन्स	अनुसूची II के अनुसार अवलिखित मूल्य
नैबकॉन्स	अनुसूची II के अनुसार सीधी रेखा पद्धति
नैबवेंचर्स	अनुसूची II के अनुसार अवलिखित मूल्य
नैबफाउंडेशन	अनुसूची II के अनुसार सीधी रेखा पद्धति
नैबसंरक्षण	अनुसूची II के अनुसार अवलिखित मूल्य

7. निवेश

7.1 प्रतिभूतियों में लेन-देन "निपटान तिथि" पर दर्ज किए जाते हैं.

7.2 भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशों को "व्यापार के लिए धारित (एचएफटी)", "बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस)" और "परिपक्वता के लिए धारित (एचटीएम)" श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है (जिन्हें आगे "श्रेणियाँ" कहा गया है).

7.3 जो प्रतिभूतियाँ मुख्यत: क्रय की तिथि से 90 दिन के भीतर फिर से बेचे जाने के लिए धारित हैं उन्हें "एचएफटी" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है. जिन निवेशों को बैंक परिपक्वता तक रखना चाहता है उन्हें "एचटीएम" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है. जिन प्रतिभूतियों को इन दोनों में से किसी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया जाना है उन्हें "एएफएस" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है.

7.4 परिपक्वता तक धारित श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत जिन निवेशों की लागत अंकित मूल्य के समान या उससे कम है उन्हें अधिग्रहण की लागत पर रखा गया है. यदि लागत, अंकित मूल्य से अधिक है तो प्रीमियम को परिपक्वता के लिए शेष अवधि के लिए परिशोधित किया गया है. "एचटीएम" श्रेणी के अंतर्गत, सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेश के मूल्य में कमी, अस्थायी कमी को छोड़कर, की स्थिति में यथावश्यक प्रावधान किया गया है. यदि ऐसे निवेशों के मूल्य में कोई कमी आती है/ परिशोधन हुआ है तो इसके लिए किए गए प्रावधान को चालू देयताओं और प्रावधानों के तहत शामिल किया गया है.

7.5 "एचटीएम" के तहत वर्गीकृत निवेशों के मोचन पर प्राप्त लाभों को लाभ और हानि लेखा में दर्शाया गया है.

7.6 "एएफएस" के अंतर्गत निवेशों को 'भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ' (एफआईएमएमडीए) और फाइनैंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्रा. लि. द्वारा घोषित दर पर स्क्रिप-वार बाज़ार के लिए मार्क किया गया है. यदि कोई निवल मूल्यह्रास है, तो "एएफएस" के तहत वर्गीकृत श्रेणी में निवेश के लिए प्रावधान किया गया है और मूल्यवृद्धि को अनदेखा किया गया है. पुनर्मूल्यांकन के बाद अलग-अलग स्क्रिप के अंकित मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है.

7.7 "एचएफटी" के अंतर्गत निवेशों को 'भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्न संघ' (एफआईएमएमडीए) और फाइनैंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्रा.लि. द्वारा घोषित दर पर स्क्रिप-वार बाजार के लिए मार्क किया गया है. मूल्यह्रास/ मूल्यवृद्धि को "एचएफटी" श्रेणी के निवेशों में दर्शाया गया है. पुनर्मूल्यांकन के बाद अलग-अलग स्क्रिप के अंकित मूल्य में परिवर्तन किया गया है.

7.8 सहायक संस्थाओं/ संयुक्त उद्यमों और सहयोगी संस्थाओं में किए गए निवेशों को "परिपक्वता तक धारित"(एचएफटी) के रूप में वर्गीकृत किया गया है.

7.9 ट्रेजरी बिलों, वाणिज्यिक पत्रों और जमा राशि प्रमाण-पत्रों का मूल्यांकन धारिता लागत पर किया गया है.

7.10 जिन कंपनियों में निवेश किया गया है, यदि उन कंपनियों के नवीनतम लेखापरीक्षित खाते उपलब्ध हैं, तो कोट न किए गए शेयरों का मूल्यांकन ब्रेक-अप मूल्य पर किया गया है या भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश के अनुसार ₹1/- प्रति कंपनी की दर से किया गया है.

7.11 असूचीबद्ध इक्विटियों सहित निवेशों के संबंध में अधिग्रहण के समय अदा की गई ब्रोकरेज, कमीशन आदि की राशि को राजस्व के अंतर्गत प्रभारित किया गया है.

7.12 शेयर बाजार में खरीदी/ बेची गई इक्विटियों के अधिग्रहण/ बिक्री पर अदा की गई ब्रोकरेज राशि को पूंजीकृत किया गया है.

7.13 ऋण निवेश पर खंडित अवधि के लिए अदा किए गए/ प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/ आय माना गया है और लागत/ बिक्री की गणना में शामिल नहीं किया गया है.

7.14 विभिन्न श्रेणियों के बीच प्रतिभूति के अंतरण को, अंतरण की तिथि में अधिग्रहण लागत/ बही मूल्य/ बाज़ार मूल्य में से जो भी कम हो, उस लागत/ मूल्य पर लेखाबद्ध किया गया है और अंतरण के बाद यदि कोई मूल्यह्रास है, तो उसके लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है.

7.15 सरकारी प्रतिभूतियों के पुनर्मूल्यांकन पर परिशोधन/ लाभ/ हानि को लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया गया है.

7.16 निवेशों के लेखांकन के लिए भारित औसत लागत पद्धति का पालन किया गया है.

7.17 उद्यम पूंजी निधियों में निवेश का लेखांकन संबंधित निधि द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीति के अनुसार किया गया है.

7.18 भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुरूप निवेश एनपीआई वर्गीकरण के लिए आय के उचित प्रावधान/ आय की अमान्यता के अधीन हैं. अनर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में मूल्यह्रास/ प्रावधान अन्य निष्पादक प्रतिभूतियों में मूल्यवृद्धि के समक्ष समायोजित नहीं किए जाते हैं.

यदि किसी इकाई द्वारा ली गई कोई ऋण सुविधा बैंक की लेखा-बहियों में एनपीए है, तो उस इकाई द्वारा जारी किसी भी प्रतिभूति में निवेश को भी एनपीआई माना जाएगा.

प्रतिभूतियों, अर्थात, बांड, डिबेंचर आदि के मामले में, जहाँ उधारकर्ताओं द्वारा ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया गया है, वहाँ वाईटीएम या आईआरएसी मानदंड, इनमें से जो भी अधिक हो, के आधार पर प्रावधान किया गया है.

7.19 रेपो/रिवर्स रेपो के तहत बेची और खरीदी गई प्रतिभूतियों की गणना संपार्श्विक युक्त उधार और उधार लेन-देन के रूप में की जाती है. तथापि, प्रतिभूतियों का अंतरण उसी प्रकार किया जाता है जिस प्रकार सामान्य एकमुश्त बिक्री/ खरीद की जाती है और ऐसी प्रतिभूतियों को रेपो/ रिवर्स रेपो खातों और कॉन्ट्रा प्रविष्टियों के माध्यम से दर्शाया जाता है. परिपक्वता की तिथि को उपर्युक्त प्रविष्टियों का प्रत्यावर्तन कर दिया जाता है. लागत और राजस्व की गणना ब्याज व्यय/आय, जैसा भी मामला हो, के रूप में की जाती है.

7.20 हेजिंग उद्देश्यों के लिए डेरिवेटिव लेन-देन किए जाते हैं.

हैज स्वैप

हैज ब्याज वाली आस्ति या देयता के साथ ब्याज दर स्वैप को उपचय आधार पर लेखाबद्ध किया जाता है, उस आस्ति या देयता से जुड़े स्वैप को छोड़कर, जिसका वहन बाजार मूल्य पर या लागत से कम मूल्य पर किया गया हो. स्वैप की समाप्ति पर, स्वैप के शेष संविदागत समय या आस्ति/ देयता की शेष अवधि, जो भी कम हो, के आधार पर लाभ और हानि का निर्धारण किया जाता है.

8. अग्रिम और उनके लिए प्रावधान

8.1 अग्रिमों का वर्गीकरण भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है. आवधिक समीक्षा के आधार पर और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रावधान के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुरूप पहचाने गए अग्रिमों के संबंध में मानक आस्तियों और अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान किया गया है.

8.2 अग्रिमों की पुन: संरचना/ पुन:अनुसूचीकरण के मामले में, मूल करार के अनुसार भावी मूलधन और ब्याज के वर्तमान मूल्य तथा संशोधित करार के

अनुसार भावी मूलधन और ब्याज के वर्तमान मूल्य के बीच के अंतर के लिए प्रावधान किया गया है.

8.3 अनर्जक अग्रिमों के समक्ष किए गए प्रावधानों को घटाकर अग्रिमों को दिखाया गया है.

8.4 निधियों से मंजूर किए गए ऋणों के संदर्भ में, अनर्जक ऋणों के लिए किए गए प्रावधान की राशि को लाभ-हानि लेखा में प्रभारित किया गया है.

8.5 भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए पर किए गए विशिष्ट प्रावधान के अतिरिक्त, मानक आस्तियों के लिए सामान्य प्रावधान भी किए गए हैं. इन प्रावधानों को तुलन-पत्र की अनुसूची 8 में "वर्तमान देयताएँ और प्रावधान" शीर्ष के तहत दर्शाया गया है और निवल एनपीए की गणना करने के लिए इन पर विचार नहीं किया गया है.

9. विदेशी मुद्रा लेन-देन

इन्स्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव के संबंध में जारी लेखा मानक (एएस-11) के अनुसार विदेशी मुद्रा लेन-देनों का लेखांकन निम्नानुसार किया गया है:

9.1 आस्तियों और देयताओं का पुन:मूल्यांकन, रिपोर्टिंग की तिथि/ वर्ष के अंत में एफ़ईडीएआई/एफ़बीआईएल द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर विदेशी मुद्रा में किया गया है. विदेशी मुद्रा उधार के हैज किए गए भाग को संविदाकृत मूल्य पर उल्लिखित किया गया है और हैज किए गए उधार की देयता को वर्ष की समाप्ति पर विद्यमान विनिमय दर के अनुसार तुलन-पत्र में क्रॉन्ट्रा मद (तुलन-पत्र से इतर मद) के रूप में दर्शाया गया है.

9.2 हैज किए गए लेनदेन हेतु आय और व्यय मदों को निष्पादित हैज करारों के अनुसार संविदागत दरों पर परिवर्तित किया गया.

10. विदेशी विनिमय संविदाओं का लेखांकन

10.1 विदेशी मुद्रा विनिमय संविदाएँ विदेशी मुद्रा उधारों की चुकौती को हैज करने के लिए की गई हैं.

10.2 हैज किए गए विदेशी मुद्रा उधारों का उल्लेख संविदागत दर पर किया गया है.

10.3 हैज न की गई विदेशी मुद्रा विनिमय संविदाओं का पुन:मूल्यांकन वर्ष के अंत/ रिपोर्टिंग की तिथि में एफ़ईडीएआई/ एफ़बीआईएल द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर किया गया है. पुन: मूल्यांकन के परिणामस्वरूप अभिलाभ/ घाटे का निर्धारण लाभ और हानि खाते में 'वायदा विनिमय संविदा खाते के पुन:मूल्यांकन पर प्राप्त अभिलाभ/ घाटा' शीर्ष के अंतर्गत किया गया है.

11. कर्मचारी लाभ

भारतीय रिज़र्व बैंक से स्थानांतरित सभी कार्मिकों को बैंक का कर्मचारी माना गया है और तदनुसार कर्मचारी लाभ के लिए प्रावधान किए गए हैं. प्रत्येक तुलन-पत्र की तिथि पर दीर्घावधि कर्मचारी लाभों के लिए यथावश्यक रूप से बीमांकिक मूल्यांकन किया गया है.

11.1 **अल्पावधि कर्मचारी लाभ:**

कर्मचारियों हेतु अल्पावधि लाभ, जिनका भुगतान कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं के बदले में अपेक्षित है, की अबट्टाकृत राशि का निर्धारण उसी अवधि के लिए किया गया है जिस अवधि में कर्मचारी ने सेवाएँ प्रदान की हैं.

11.2 **सेवानिवृत्ति पश्चात् लाभ:**

i) **निर्धारित अंशदान योजना**

उन सभी पात्र कर्मचारियों के लिए, जिन्होंने 31 दिसम्बर 2011 को या इससे पहले बैंक में कार्यग्रहण किया है, बैंक में भविष्य निधि योजना है. इस योजना का प्रबंधन भारतीय रिज़र्व बैंक करता है. अंशदान उपचय के आधार पर मान्य किया जाता है.

बैंक ने उन सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना (एनपीएस) आरंभ की है जो 01 जनवरी 2012 को या उसके बाद बैंक की सेवा में आए हैं. बैंक ने पेंशन निधि विनियामक व विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा तैयार की गई एक निर्धारित अंशदान योजना "एनपीएस - कॉर्पोरेट सेक्टर मॉडल" को अपनाया है. निधि में अंशदान उपचय आधार पर किया जाता है.

ii) **निर्धारित लाभ योजना**

क) बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान किया जाता है जो सभी पात्र कर्मचारियों के लिए अनुमानित इकाई ऋण पद्धति के आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर किया जाता है. योजना के लिए निधि बैंक द्वारा प्रदान की जाती है और इसका प्रबंधन एक अलग ट्रस्ट द्वारा किया जाता है. बीमांकिक लाभ अथवा हानि को लाभ और हानि लेखा में उपचय आधार पर दर्शाया जाता है.

ख) 31 दिसम्बर 2011 को या उससे पहले बैंक में कार्यग्रहण करने वाले सभी पात्र कर्मचारियों की पेंशन के लिए प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया गया है. इस योजना के लिए बैंक निधि प्रदान करता है और इसका प्रबंध एक अलग ट्रस्ट द्वारा किया जाता है. बीमांकिक लाभ अथवा हानि को लाभ और हानि लेखा में उपचय आधार पर दर्शाया गया जाता है.

iii) **अन्य दीर्घावधि लाभ**

बैंक के सभी पात्र कर्मचारी पारिश्रमिक के साथ अनुपस्थितियों के लिए पात्र हैं. बैंक के सभी पात्र कर्मचारी सेवानिवृत्ति पश्चात् चिकित्सा लाभों के लिए भी पात्र हैं. अन्य दीर्घावधि लाभों की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलन-पत्र की तिथि पर अनुमानित इकाई ऋण पद्धति से आकलित बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है. बीमांकिक अभिलाभ या घाटे को लाभ और हानि लेखा में उपचय के आधार पर दर्शाया जाता है.

12. आय पर कर

12.1 चालू अवधि के लिए आय पर कर का निर्धारण आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुरूप परिगणित कर-योग्य आय और कर जमाओं के साथ-साथ आकलनों/ अपीलों के संभावित परिणाम के आधार पर किया गया है.

12.2 आस्थगित कर की पहचान समयजन्य अंतर अर्थात् वर्ष के लिए कर-योग्य आय और लेखागत आय के बीच के अंतर के रूप में की गई है और इस राशि की गणना तुलन-पत्र की तिथि को लागू कर की दरों और अधिनियमित कानूनों के आधार पर की गई है.

12.3 अनवशोषित मूल्यहास/ व्यवसायगत हानियों से संबंधित आस्थगित आस्तियों की पहचान कर उन्हें उस सीमा तक आगे ले जाया गया है, जहाँ

यह लगभग निश्चित हो जाए कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके समक्ष ऐसी आस्थगित कर आस्तियों की वसूली की जा सकेगी.

12.4 निधियों से अर्जित कर योग्य आय पर अदा किए गए कर/ प्रावधान किए गए कर की गणना संबंधित निधियों के व्यय के रूप में की गई है.

13. खंड रिपोर्टिंग

13.1 भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक के अनुपालन में बैंक व्यवसाय खंड को रिपोर्टिंग का प्राथमिक खंड मानता है.

13.2 खंड राजस्व में, खंड से सीधे संबंधित/ खंड को आबंटन योग्य ब्याज और अन्य आय शामिल हैं. जो आय संपूर्ण बैंक से संबंधित है और जिसे किसी खंड को आबंटित नहीं किया जा सकता उसे "अन्य आबंटित न की जा सकने योग्य बैंक आय" में शामिल किया गया है.

13.3 जो व्यय किसी खंड से सीधे संबंधित हैं/ किसी खंड को आबंटन-योग्य हैं, उनको खंड का परिणाम निर्धारित करने के लिए हिसाब में लिया गया है. ऐसे व्यय जिनका संबंध संपूर्ण बैंक से है और जिन्हें किसी खंड को आबंटित नहीं किया जा सकता, उनको "अन्य आबंटित न किए जा सकने योग्य व्यय" में शामिल किया गया है.

13.4 खंड आस्तियों और देयताओं में संबंधित खंड से सीधे जुड़ी आस्तियाँ और देयताएँ शामिल हैं. आबंटित न की जा सकने योग्य आस्तियों और देयताओं में वे आस्तियाँ और देयताएँ शामिल हैं जो संपूर्ण बैंक से संबंधित हैं और जिन्हें किसी खंड को आबंटित नहीं किया जा सकता.

14. आस्तियों की क्षतिग्रस्तता

14.1 प्रत्येक तुलन-पत्र की तिथि को आस्तियों की अंकित राशि की जांच क्षतिग्रस्तता के लिए की जाती है ताकि:

क) यदि क्षतिग्रस्तताजन्य कोई हानि हुई हो, तो उसके लिए आवश्यक प्रावधान किया जा सके; अथवा

ख) पिछली अवधियों में यथानिर्धारित क्षतिग्रस्तताजन्य हानि, यदि कोई हो, का प्रत्यावर्तन किया जा सके.

14.2 क्षतिग्रस्तताजन्य हानि तब मानी गई है जब किसी आस्ति की धारिता राशि उससे वसूली योग्य राशि से अधिक हो.

15. प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ

15.1 प्रावधानों के लिए केवल उन्हीं देयताओं को मान्य किया गया है जिनका आकलन काफी हद तक अनुमानों का प्रयोग करते हुए किया जा सके, यदि:

क) किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप बैंक की कोई वर्तमान देयता हो.

ख) देयता के निस्तारण हेतु संसाधनों का बर्हिगमन संभावित हो; और

ग) देयता की राशि का विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता हो.

15.2 आकस्मिक देयता का निम्न मामलों में प्रकटन किया गया है:

क) पिछली घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान देयता, जब इसकी संभावना न हो कि उस देयता को पूरा करने के लिए संसाधनों की आवश्यकता पड़ेगी,

ख) कोई वर्तमान देयता, जब विश्वसनीय अनुमान संभव न हो, और

ग) पिछली घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान देयता, जहाँ संसाधनों के बर्हिगमन की संभावना नगण्य हो.

15.3 आकस्मिक आस्तियों को न तो निर्धारित किया गया है और न ही उन्हें प्रकट किया गया है.

15.4 प्रत्येक तुलन-पत्र की तिथि पर प्रावधानों, आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों की समीक्षा की जाती है.

16. नकदी और नकदी समतुल्य

क) नकदी प्रवाह विवरणियों के प्रयोजन के लिए नकदी और नकदी समतुल्यों में बैंकों में नकदी, हाथ में नकदी तथा अन्य अल्पावधि निवेश शामिल हैं.

ख) नकदी प्रवाह विवरण की रिपोर्टिंग अप्रत्यक्ष पद्धति से की जाती है. उपलब्ध सूचना के आधार पर परिचालन, वित्तपोषण और निवेश गतिविधि से नकदी प्रवाह को अलग-अलग किया गया है.

17. पूर्व अवधि की आय/ व्यय

पूर्व अवधि प्रकृति की आय/ व्यय मदों को केवल तभी अलग से प्रकट किया गया है जब एकल पूर्व अवधि आय/ व्यय सकल आय के 0.5% से अधिक हो.

18. भारतीय लेखा मानकों का कार्यान्वयन (भारतीय लेखा मानक)

एमसीए द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2016 को जारी प्रेस विज्ञप्ति सं. 11/10/2009 सीएल-वी के अनुसार बैंक को 01 अप्रैल 2018 से प्रारंभ होने वाली लेखा अवधि के लिए भारतीय लेखा मानकों पर आधारित वित्तीय विवरण तैयार करना अपेक्षित होता है तथा 31 मार्च 2018 को समाप्त और उसके बाद की अवधि के लिए तुलनात्मक विवरण अपेक्षित हैं. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के लिए भारतीय लेखा मानकों का कार्यान्वयन अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है.

आ. लेखों के भाग के रूप में टिप्पणियाँ

1. केएफडब्ल्यू-जर्मन विकास बैंक (केएफडब्ल्यू) के साथ हुए करार के अनुसार यूपीएनआरएम के अंतर्गत अभिवृद्धि/ आय तथा व्ययों को निधि में प्रभारित किया गया है. इस निधि से दिए गए ऋण को अन्य ऋण की श्रेणी में रखा गया है और इसका विवरण अनुसूची 11 में दिया गया है. यूपीएनआरएम संबंधी उधार को 'अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से उधार' की श्रेणी में रखा गया है और इसका विवरण अनुसूची 7 में दिया गया है. वर्ष के दौरान, निधि के अंतर्गत ₹14.96 करोड़ (₹16.98 करोड़) की राशि को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया गया है, जिसमें ₹1.18 करोड़ की आय पर कुल ₹16.14 करोड़ का व्यय शामिल है.
2. नाबार्ड भारत सरकार/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ अन्य निकायों की ओर से बैंकर/ अभिरक्षक/ न्यासी के रूप में कार्य कर रहा है और उपर्युक्त निधियों को, संबंधित योजनाओं के संदर्भ में संवितरण/ उपयोग होने तक इन संस्थाओं की ओर से, उनके द्वारा किए गए अंशदान की सीमा तक और अप्रयुक्त शेष राशियों पर उपचित ब्याज सहित, जहाँ भी लागू हो, रखता है. अप्रयुक्त शेष राशि पर उपचित ब्याज को तत्संबंधी करारों के अनुसार प्रबंधन/ निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित निम्नलिखित निधियों में जमा किया गया है. संबंधित निधियों के लिए ब्याज दरों का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	निधि का नाम	2023-24 के लिए ब्याज की दर	2022-23 के लिए ब्याज की दर
1.	वाटरशेड विकास निधि	3%	3%
2.	केएफ़डब्ल्यू - नाबार्ड आईजीडब्ल्यूडीपी (आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान)	3%	3%
3.	केएफ़डब्ल्यू सहबद्ध उपाय	3%	3%
4.	जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन निधि	3%	3%
5.	जनजाति विकास निधि	3%	3%
6.	वित्तीय समावेशन निधि	3%	3%
7	केएफ़डबल्यू-नाबार्ड-V आदिवासी विकास कार्यक्रम - गुजरात	3%	3%
8.	जलवायु परिवर्तन - (एएफ़बी) - परियोजना तैयारी अनुदान	3%	3%
9	एलटीआईएफ़ ब्याज उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि	3%	3%
10	पीओडीएफ़ - आईडी	3%	3%
11	सीसीएफ़-आईडी	3%	-
12	जीसीएफ़ परियोजना अनुदान	3%	3%
13	पशुधन विकास निधि (उत्तर प्रदेश और बिहार)	7.29%	4.20%
14	गरीबी उन्मूलन के लिए बहु गतिविधि दृष्टिकोण (सुल्तानपुर और राय बरेली)	7.29%	4.20%
15	सहकारी संस्थाओं में व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए केंद्र (सी-पेक)	7.29%	4.20%

3. भारत सरकार/ अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों (तुलन-पत्र की अनुसूची-13 देखें) से वसूली योग्य राशि में ₹1.08 करोड़ (₹2.81 करोड़) की राशि शामिल है जो विभिन्न निधियों के नामे शेष की राशि है.
इन निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम. सं.	निधि का नाम	31-03-2024	31-03-2023
1	केएफडब्ल्यू - यूपीएनआरएम - सहबद्ध उपाय	0.00	0.07
2	केएफडब्ल्यू - मृदा परियोजना	0.00	1.66
3	एनएएफ़सीसी	1.08	1.08

4. भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, वाणिज्यिक बैंकों द्वारा रखी गई ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि (आरआईडीएफ) जमाराशि, भंडारागार आधारभूत संरचना निधि(डब्ल्यूआईएफ) जमाराशि और खाद्य प्रसंस्करण निधि (एफपीएफ) के संबंध में बैंक द्वारा उपलब्ध सापेक्ष मार्जिन को वित्तीय समावेशन निधि और जलवायु परिवर्तन निधि – आईडी में जमा की जाती है.

5. विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त/ प्राप्य ब्याज सहायता को अनुसूची 14 के अंतर्गत ब्याज और वित्तीय प्रभारों से समायोजित किया गया है. विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत समायोजित ब्याज सहायता राशि का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम. सं.	योजना	2023-24	2022-23
1.	दीर्घावधि सिंचाई निधि	558.87	524.80
2.	मौसमी कृषि परिचालन (मौकृप)	(70.68)	(944.73)
3.	डेयरी आधारभूत संरचना विकास निधि (डीआईडीएफ़)	35.07	21.59
4.	राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम)	67.08	9.18
5.	सूक्ष्म सिंचाई निधि (एमआईएफ़)	73.62	64.68
6.	मत्स्यपालन और जलचरपालन आधारभूत संरचना विकास निधि (एफ़आईडीएफ़)	17.94	11.27

6. ब्याज सहायता योजना के अंतर्गत मौसमी कृषि परिचालन हेतु प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और एनआरएलएम योजना के वित्तपोषण के लिए रास बैंकों, क्षेग्रा बैंकों और जिमस बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पुनर्वित्त संवितरण पर प्राप्त ब्याज मार्जिन की गणना ब्याज आय के रूप में की गई है. भारत सरकार से इस योजना के अंतर्गत ₹122.26 करोड़ (₹112.95 करोड़) की राशि प्राप्त/ प्राप्य है.
7. वर्ष के दौरान बैंक ने लेखा मानक 22 "आय पर करों का लेखांकन" के अनुसरण में, ₹3.89 करोड़ (₹20.55 करोड़) की आस्थगित कर देयता (आस्ति) को लाभ और हानि खाते में दर्शाया है. 31 मार्च 2024 की स्थिति में कुल आस्थगित कर का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	आस्थगित कर आस्तियाँ	31-03-2024	31-03-2023
1	भुगतान के आधार पर अनुमन्य प्रावधान	175.14	148.78
2	अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास	15.08	16.23
3	अन्य	18.17	22.83
	कुल	**208.39**	**187.84**

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत सृजित विशेष प्रारक्षित निधि के तहत आस्थगित कर के लिए प्रावधान करना आवश्यक नहीं समझा गया क्योंकि बैंक ने उक्त प्रारक्षित निधि आहरित न करने का निर्णय लिया है.

8. वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंत में विभिन्न प्राधिकारियों के समक्ष लंबित आय कर अपीलों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्रम. सं.	कर निर्धारण वर्ष#	किस प्राधिकरण के पास अपील लंबित है	अपील किसके द्वारा की गई	विवादित राशि (₹ करोड़) 31-03-2024 की स्थिति	विवादित राशि (₹ करोड़) 31-03-2023 की स्थिति
1	2002-03	उच्च न्यायालय- मुंबई	आयकर विभाग	415.00	415.00
2	2006-07	उच्च न्यायालय- मुंबई	आयकर विभाग	217.85	217.85
3	2007-08	उच्च न्यायालय, मुंबई	आयकर विभाग	88.56	0.00
4	2008-09	उच्च न्यायालय, मुंबई	आयकर विभाग	118.77	118.77
5	2009-10	उच्च न्यायालय, मुंबई	आयकर विभाग	194.82	194.82
6	2010-11	उच्च न्यायालय, मुंबई	नाबार्ड	28.20	28.20
7	2010-11	उच्च न्यायालय, मुंबई	आयकर विभाग	215.32	0.00
8	2011-12	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	नाबार्ड	51.07	51.07
9	2011-12	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	287.62	287.62
10	2012-13	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	नाबार्ड	45.63	45.63
11	2012-13	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	327.03	327.03
12	2013-14	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	नाबार्ड	1.70	1.70
13	2013-14	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	380.05	380.05
14	2014-15	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	450.61	450.61
15	2015-16	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	448.87	448.87
16	2019-20	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	आयकर विभाग	254.38	0.00
17	2019-20	आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी)	नाबार्ड	0.59	0.00
18	2016-17	आयकर आयुक्त (अपील)	नाबार्ड	407.23	407.23
19	2017-18	आयकर आयुक्त (अपील)	नाबार्ड	360.69	360.69
20	2018-19	आयकर आयुक्त (अपील)	नाबार्ड	278.52	278.52
21	2020-21	आयकर आयुक्त (अपील)*	नाबार्ड	0.00	74.21

*सीआईटी (अ) ने एक आंशिक रूप से अनुकूल आदेश जारी किया है. नाबार्ड आईटीएटी में एक अपील दर्ज करने की प्रक्रिया में है.
#उपरोक्त मामलों के संबंध में प्रबंधन के सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर खातों की पुस्तकों में कर प्रावधान विधिवत किया गया है, जिसे उचित माना जाता है.

9. पूर्ण स्वामित्व की भूमि तथा पट्टेकृत भूमि और परिसर में कार्यालय परिसर और स्टाफ क्वाटर्स के लिए ₹11.85 करोड़ (₹14.00 करोड़) की राशि का भुगतान शामिल है जिसका हस्तांतरण किया जाना अभी बाकी है. गुंटूर में कार्यालय के लिए प्लॉट के मामले में, हस्तांतरण विलेख का निष्पादन लंबित है; प्लॉट अधिग्रहण के लिए भुगतान की गई कुल राशि ₹6.83 करोड़ (₹6.83 करोड़) है. चेन्नै में जिस प्लॉट के हस्तांतरण विलेख का पंजीकरण वर्ष 2022-23 में लंबित था, उसे निष्पादित किया गया और उसका पंजीकरण किया गया.
10. बैंक प्रबंधन के मतानुसार आस्तियों में कोई ऐसी क्षतिग्रस्तता नहीं है जिस पर लेखा मानक 28 - "आस्तियों में क्षतिग्रस्तता" लागू हो और जिसके लिए किसी प्रावधान की अपेक्षा हो.
11. भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसरण में, राज्य सहकारी बैंकों तथा राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों द्वारा जारी विशेष विकास डिबेंचरों (एसडीडी) की खरीद के माध्यम से इन एजेंसियों को प्रदत्त परियोजना ऋणों की निम्नानुसार गणना की गई है:
    क) निवेश के रूप में वर्गीकृत किया गया है और 'डिबेंचर और बॉण्ड' शीर्ष के अंतर्गत अनुसूची 10 में दर्शाया गया है'.
    ख) एसडीडी पर अर्जित ब्याज लाभ हानि लेखा में 'ऋण एंव अग्रिमों पर प्राप्त ब्याज' के भाग के रूप में दर्शाया गया है और उसे 'अनुमन्य अग्रिम' माना गया है.
    ग) 'आईआरएसी मानदंड, पूंजी पर्याप्तता और अनुपातों की गणना इत्यादि के प्रयोजन से 'अनुमन्य अग्रिम'.
12. वित्तीय विवरणियों की तिथि को चालू आरआईडीएफ खेपों (XXII से XXVIII) के तहत विभिन्न राज्य सरकारों को दिए गए संवितरण में से ₹407.85 करोड़ (₹659.51 करोड़) की राशि आरंभ न हो सकी परियोजनाओं से संबंधित है. संबंधित/ अन्य परियोजनाओं के साथ राशि के समायोजन के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने तक इस राशि को निधि से संवितरण के रूप में वर्गीकृत किया गया है.
13. उधारकर्ताओं में से एक के खाते के संबंध में, पिछले वर्षों में पूर्ण प्रावधान किया गया था और आईबीसी के तहत समाधान प्रक्रिया शुरू की गई थी. आईबीसी के तहत समाधान योजना के आधार पर माननीय एनसीएलटी कोलकाता के निर्णय के अनुसार, नाबार्ड (एक असहमत सदस्य होने के नाते) को सीओसी के सदस्यों को उपलब्ध प्राप्तियों के वितरण के लिए वर्ष के दौरान ₹121.14 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है. नाबार्ड ने, इस दृष्टिकोण से कि अन्य

उधारदाताओं की तुलना में वसूली को प्राथमिकता दी है, इस संबंध में कानूनी कार्यवाही शुरू की है, जिसके परिणाम की प्रतीक्षा है. आगे की वसूली के लिए परिणाम लंबित रहने तक, बैंक ने 64.37 करोड़ रुपये की राशि ब्याज के रूप में प्राप्तियों के लिए हिसाब लगाया है, जो रेजोल्यून प्रोफेशनल के समक्ष दायर दावों में ब्याज के रूप में दावा की गई राशि है और 56.77 करोड़ रुपये की अंतर राशि को बकाया मूलधन के लिए समायोजित किया गया है.

14. दिनांक 18 फरवरी 2016 की केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार नाबार्ड को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10 (15) (iv) (एच) के तहत ₹5,000 करोड़ की राशि के कर मुक्त बाण्ड जारी करने की अनुमति दी गई थी. तदनुसार 10 वर्ष की अवधि में प्रतिदेय ₹1500 करोड़ प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए तथा 10 और 15 वर्ष की अवधि में प्रतिदेय ₹3,500 करोड़ पब्लिक इश्यू के माध्यम से जुटाए गए. ये कर मुक्त बॉण्ड, सुरक्षित, प्रतिदेय और गैर-परिवर्तनीय प्रकृति के हैं. ये बॉण्ड मुंबई में स्थित संपत्ति पर समरूप प्रभार के समक्ष सुरक्षित हैं और नाबार्ड की निर्दिष्ट बही ऋण पर पहला प्रभार हैं. चालू वर्ष के लिए इन बॉण्डों से संबंधित राजस्व के लिए प्रभारित ब्याज ₹365.64 करोड़ (₹365.41 करोड़) है.
डिबेंचर ट्रस्टी का विवरण निम्नानुसार है:

एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,
द रूबी, द्वितीय तल, एसडब्ल्यू, डब्ल्यू
29, सेनापति बापट मार्ग,
दादर पश्चिम, मुंबई- 400028
टेलीफोन: +91 22 6230 0451

15. उद्यम पूंजी निधि (वीसीएफ) में निवेश के संदर्भ में विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों पर भारतीय रिज़र्व बैंक के 01 जुलाई 2015 के परिपत्र सं.आरबीआई/ 2015-16/ 104 डीबीआर.सं.एफ़आईडी.एफ़आईसी.3/ 01.02.00/ 2015-16 के अनुसार, वीसीएफ़ की इकाइयों में निवेशित ₹31.84 करोड़ (₹24.95 करोड़) की राशि को 3 वर्ष पूर्ण होने पर एचटीएम श्रेणी से एएफ़एस श्रेणी में अंतरित किया गया.

16. क) सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशों के अंतर्गत निम्नलिखित उधारों के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड के पास गिरवी प्रतिभूतियाँ शामिल हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*अंकित मूल्य*	*बही मूल्य*
व्यवसाय खंड के लिए गिरवी (प्रतिभूतियाँ)	237.00 (177.00)	237.69 (176.66)
व्यवसाय खंड के लिए गिरवी (सीबीएलओ/ त्रिपक्षीय रेपो)	39131.28 (21690.15)	39250.46 (22822.95)
व्यवसाय खंड के लिए गिरवी (प्रतिभूतियाँ) डिफाल्ट फंड	50.00 (50.00)	51.75 (51.75)
व्यवसाय खंड के लिए गिरवी (सीबीएलओ/ त्रिपक्षीय रेपो) डिफाल्ट फंड	50.00 (50.00)	51.75 (51.75)

ख) सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश में अंतर्दिवसीय सीमा के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति सुरक्षा के रूप में भारतीय रिज़र्व के पास गिरवी रखी गई निम्नलिखित प्रतिभूतियाँ शामिल हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*अंकित मूल्य*	*बही मूल्य*
अंतर्दिवसीय सीमा के लिए गिरवी (प्रतिभूतियाँ)	527.00 (527.00)	545.54 (545.54)

17. **मानक आस्तियों हेतु प्रावधान**

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*2023-24*	*2022-23*
वर्ष के दौरान मानक आस्तियों के लिए किया गया प्रावधान	378.37	206.21

18. **काउंटरसाईक्लिकल प्रोविजनिंग बफर**

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम. सं.	*विवरण*	*2023-24*	*2022-23*
(क)	अस्थिर प्रावधान खाते में अथ शेष	2014.45	2014.45
(ख)	लेखा वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान की प्रमात्रा #	0.00	0.00
(ग)	लेखा वर्ष के दौरान ड्रॉडाउन की राशि	0.00	0.00
(घ)	अस्थिर प्रावधान खाते में इति शेष	2014.45	2014.45

* यह अग्रिमों के लिए अस्थायी प्रावधानों को दर्शाता है जिनका उपयोग टियर II पूंजी के रूप में नहीं किया गया है.
# बैंक के निदेशक मण्डल ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अस्थिर प्रावधान सृजित करने का निर्णय लिया जिसका उपयोग अप्रत्याशित अथवा असाधारण परिस्थितियों में किया जा सके.

19. दिनांक 23 जून 2016 के भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निर्देश (अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के वित्तीय विवरण - प्रस्तुति, प्रकटीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश 2016) के अनुसरण में वित्तीय संस्थाओं द्वारा जो प्रकटीकरण दिए जाने आवश्यक हैं उन्हें इस समूह के समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रासंगिक नहीं माना गया है और इसलिए उन्हें नोट में शामिल नहीं किया गया है.
20. चार सहायक संस्थाओं के मामले में, मूल्यह्रास की गणना अवलिखित मूल्य विधि से की गई है और इसे सीधी रेखा विधि के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों में समायोजित नहीं किया गया है. समेकित वित्तीय विवरणों पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं है.
21. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 31 मार्च 2022 तक नैबफिन्स लिमिटेड की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में उनका सांविधिक निरीक्षण (चुनिंदा कार्यक्षेत्र) किया गया जिससे यह पता चला है कि नैबफिन्स 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण - जमाराशियाँ स्वीकार न करने वाली कंपनी और जमाराशियाँ स्वीकार करने वाली कंपनी (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2016' के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही थी. इसलिए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 19 अप्रैल 2024 को नैबफिन्स पर ₹10 लाख (रुपये दस लाख मात्र) का मौद्रिक दंड लगाया.
22. कर्मचारियों को प्रदत्त एलटीसी लाभ को तभी लेखाबद्ध किया जाता है जब कर्मचारियों द्वारा इसका लाभ उठाया जाता है.

23. वर्ष के दौरान, बैंक ने नवंबर, 2022 से प्रभावी वेतन समझौते के लिए अनुमानित आधार पर ₹243 करोड़ की राशि को लेखाबद्ध किया है.

24. लाभ और हानि लेखा में शामिल पूर्व अवधि मदें निम्नानुसार हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम. सं.	विवरण	2023-24	2022-23
1.	आय	0.00	0.00
2.	राजस्व व्यय	0.00	0.00
	कुल	**(0.00)**	**(0.00)**

25. **लेखा मानक 18- संबंधित पार्टी प्रकटीकरण**

चूँकि एएस-18 ‘संबंधित पार्टी प्रकटीकरण’ के अर्थ में यह बैंक राज्य द्वारा नियंत्रित उद्यम है, अत: अन्य राज्य नियंत्रित उद्यमों के (सहायक संस्थाओं सहित) साथ लेन-देन का विवरण नहीं दिया गया है.

संबंधित पार्टियों की सूची:

25.1 प्रमुख प्रबंधन कार्मिक:

पार्टी का नाम	पदनाम
श्री शाजी के वी	अध्यक्ष
श्री पीवीएस सूर्यकुमार*	उप प्रबंध निदेशक
गोवर्धन सिंह रावत**	उप प्रबंध निदेशक
अजय के सूद**	उप प्रबंध निदेशक

* 31 जुलाई 2023 को सेवानिवृत्त

**6 नवंबर 2023 से नियुक्ति प्रभावी

25.2 **संबंधित पक्षों के साथ महत्वपूर्ण लेन-देन**

(राशि ₹ करोड़ में)

मदें/ संबंधित	मुख्य प्रबंधन कार्मिक @	मुख्य प्रबंधन कार्मिक से संबंधित	कुल
उधार#	-	-	-
जमाराशि#	-	-	-
जमाराशि का स्थापन#	-	-	-
अग्रिम#			
निवेश#			
गैर-निधि आधारित प्रतिबद्धता#	-	-	-
पट्टेदारी की व्यवस्था का लाभ उठाया गया#	-	-	-
पट्टेदारी की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई#	-	-	-
अचल आस्तियों की खरीद#	-	-	-
अचल आस्तियों की बिक्री	-	-	-
चुकाया गया ब्याज	-	-	-
प्राप्त हुआ ब्याज	-	-	-
सेवाओं का प्रतिपादन*	-	-	-
सेवाओं की प्राप्ति*	-	-	-
प्रबंधन संविदाएं**	0.52	-	0.52

@ बोर्ड के पूर्णकालिक निदेशक

वर्ष के अंत में बकाया और वर्ष के दौरान अधिकतम को प्रकट करना है.

*संविदा सेवाएँ इत्यादि और विप्रेषण सुविधाएं, लॉकर सुविधाएं इत्यादि जैसी सेवाएँ न होना

**मुख्य प्रबंधन कार्मिकों को पारिश्रमिक प्रदान करना

26. **व्यवसाय खंड के बारे में सूचना**

क) **संक्षिप्त पृष्ठभूमि**

बैंक के मान्यताप्राप्त प्राथमिक व्यवसाय खंड निम्नानुसार हैं:

i) **प्रत्यक्ष वित्तपोषण:** इसमें ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु राज्य सरकारों और अन्य एजेंसियों को दिए गए ऋण, सह-वित्तपोषण ऋण और स्वैच्छिक एजेंसियों/ गैर सरकारी संगठनों को विकास गतिविधियों के लिए दिए गए ऋण तथा सहकारी बैंकों आदि को दिए गए अन्य प्रत्यक्ष ऋण शामिल हैं.

ii) **पुनर्वित्त:** इसमें राज्य सरकारों, वाणिज्यिक बैंकों, रासकृग्रावि बैंकों, रास बैंकों, क्षेग्रा बैंकों आदि द्वारा अंतिम उधारकर्ताओं को दिए गए ऋणों के समक्ष पुनर्वित्त के रूप में दिए गए ऋण और अग्रिम शामिल हैं.

iii) **ट्रेजरी:** इसमें ट्रेजरी बिलों, अल्पावधि जमाओं, सरकारी प्रतिभूतियों आदि में निधियों का निवेश शामिल है.

iv) उपर्युक्त तीन प्राथमिक खंडों के अलावा अन्य खंड ‘अन्य व्यावसाय’ खंड के अंतर्गत हैं. प्रत्यक्ष आय और प्रत्यक्ष व्यय के आधार पर तीन प्राथमिक खंडों के परिणामों का पता लगाने के बाद, आबंटन के लिए/ देनदारियों/ आस्तियों सहित शेष राशि को "अन्य व्यवसाय" के तहत समूहीकृत किया गया है.

ख) **प्राथमिक व्यवसाय खंड संबंधी सूचना**

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*ट्रेजरी*		*पुनर्वित्त*		*प्रत्यक्ष ऋण*		*अन्य व्यवसाय*		*कुल*	
व्यवसाय खंड	*2023-24*	*2022-23*	*2023-24*	*2022-23*	*2023-24*	*2022-23*	*2023-24*	*2022-23*	*2023-24*	*2022-23*
राजस्व	5341.75	2749.93	24528.07	19663.31	19450.56	17201.50	295.04	235.63	49615.42	39850.37
परिणाम	618.77	161.62	4439.17	5618.98	6504.06	2713.11	(3129.09)	(1692.32)	8432.92	6801.39
अनाबंटित व्यय									0.00	0.00
परिचालन लाभ									8432.92	6801.39
आय पर कर									2061.68	1247.12
असाधारण लाभ/हानि	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
निवल लाभ									**6371.24**	**5554.27**
अन्य सूचनाएँ										
खंड आस्तियाँ	101692.90	57335.46	430623.59	395164.08	370389.62	339846.93	9789.65	10509.85	912495.75	802856.31
खंड देयताएँ	110712.29	91083.64	341185.02	302270.88	374674.25	331455.72	85924.19	78046.07	912495.75	802856.31
अनाबंटित आस्तियाँ									0.00	0.00
कुल आस्तियाँ									**912495.75**	**802856.31**
अनाबंटित देयताएँ									0.00	0.00
कुल देयताएँ									**912495.75**	**802856.31**

ग) चूँकि बैंक के परिचालन केवल भारत तक सीमित हैं, अतः रिपोर्ट करने योग्य कोई भी द्वितीयक खण्ड नहीं है.

27. कोष्ठक में इंगित आँकड़े पिछले वर्ष के हैं.

27. जहाँ भी आवश्यक है, पिछले वर्ष के आंकड़ों का पुनःसमूहन/ पुनःव्यवस्थापन किया गया है.

इसी तिथि की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते एमकेपीएस एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफ़आरएन संख्या: 302014E

सीए रामकृष्णन मणि
साझेदार
सदस्यता संख्या: 032271

एस श्रीनाथ
मुख्य महाप्रबंधक
लेखा विभाग

मुंबई
दिनांक: 24 मई 2024

शाजी के वी
अध्यक्ष

गोवर्धन सिंह रावत
उप प्रबंध निदेशक

डॉ अजय कुमार सूद
उप प्रबंध निदेशक

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	2023-24	2022-23
(क) परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
लाभ और हानि खाते के अनुसार कर पूर्व निवल लाभ	**8,453.01**	**6,810.22**
निम्नलिखित के लिए समायोजन:		
मूल्यह्रास	52.69	54.30
प्रावधान और परिशोधन	2.84	1.54
अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान	(67.65)	339.37
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	375.69	204.11
निवेश खाते के मूल्य में ह्रास - इक्विटी	14.78	(10.64)
अचल आस्तियों की बिक्री से लाभ/ हानि	(1.74)	(1.46)
विभिन्न निधियों में जमा ब्याज (विभेदक ब्याज निधि में वृद्धि/ समायोजन सहित)	194.46	279.85
अन्य व्यय	0.28	11.85
निवेश से आय (डिस्काउंट से आय सहित)	(5,363.96)	(2,700.34)
परिचालन आस्तियों में परिवर्तन के पहले परिचालन लाभ	**3,660.40**	**4,988.80**
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन के लिए समायोजन:		
चालू आस्तियों में (वृद्धि)/ कमी	(17,544.67)	(4,350.93)
चालू देयताओं में वृद्धि/ (कमी)	3,184.89	903.76
ऋणों और अग्रिमों में (वृद्धि)/ कमी (स्टाफ को आवास ऋण और अन्य अग्रिमों सहित)	(65,938.43)	(52,426.72)
परिचालन गतिविधियों से सृजित नकदी	**(76,637.81)**	**(50,885.09)**
आय कर का भुगतान-रिफ़ंड को घटाकर	(2,183.97)	(922.97)
परिचालन गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह (अ)	**(78,821.78)**	**(51,808.06)**
(ख) निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह		
निवेश से आय (डिस्काउंट आय सहित)	5,362.40	2,700.36
अचल आस्तियों की खरीद	(79.89)	(37.77)
अचल आस्तियों की बिक्री	6.80	7.13
निवेश में वृद्धि/ कमी	(21,459.89)	17,236.67
निवेश गतिविधियों में प्रयोग की गई/ सृजित निवल नकदी (आ)	**(16,170.58)**	**19,906.39**
(ग) वित्तपोषण गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
प्राप्त अनुदान/अंशदान	186.83	(4,950.51)
ब्याज पर व्यय	(0.18)	(0.37)
बॉण्डों से प्राप्त राशि	39,472.85	16,084.55
उधारों में वृद्धि/(कमी)	30,567.74	579.45
जमाराशियों में वृद्धि/ (कमी)	23,857.20	25,974.18
प्रारक्षित निधि से आहरण	-	389.31
लाभांश पर कर सहित लाभांश का भुगतान	(27.32)	(9.95)
शेयर पूंजी में वृद्धि	-	45.00
वित्तपोषण गतिविधियों से जुटाई गई निवल नकदी (इ)	**94,057.12**	**38,111.66**
नकदी और नकदी समकक्ष में निवल वृद्धि (अ)+(आ)+(इ)	(935.24)	6,209.99
वर्ष के आरंभ में नकदी और नकदी समकक्ष	8,331.34	2,121.35
वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समकक्ष	**7,396.10**	**8,331.34**

1. वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समकक्ष राशियों में शामिल हैं:	**2023-24**	**2022-23**
हाथ में रोकड़	0.00	0.00
भारतीय रिजर्व बैंक के पास शेष राशियाँ	3,561.58	4,800.93
भारत में अन्य बैंकों के पास शेष राशियाँ	3,834.52	3,130.41
मार्गस्थ विप्रेषण	-	400.00
कुल	**7,396.10**	**8,331.34**

नोट:

1. नकदी प्रवाह विवरण अप्रत्यक्ष विधि से तैयार किया जाता है.
2. बैंकों के पास रखी गई माँग जमाराशियों को निवेश के तहत दर्शाया गया है.
3. समेकित नकदी प्रवाह विवरण सहायक संस्थाओं के आई-जीएएपी वित्तीय विवरणों के आधार पर तैयार किया गया है.

इसी तिथि की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते एमकेपीएस एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफ़आरएन संख्या: 302014E

सीए रामकृष्णन मणि
साझेदार
सदस्यता संख्या: 032271

एस श्रीनाथ
मुख्य महाप्रबंधक
लेखा विभाग

मुंबई
दिनांक: 24 मई 2024

शाजी के वी
अध्यक्ष

गोवर्धन सिंह रावत
उप प्रबंध निदेशक

डॉ अजय कुमार सूद
उप प्रबंध निदेशक